उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक
विकास प्राधिकरण

UPSIDA

यूपीसीडा काम्पलेक्स
ए–1/4, लखनपुर
कानपुर – 208024
दूरभाष : 0512-582851-53
मेल: atp_section@upsida.co.in

संदर्भ संख्या 1643–1649 /यूपीसीडा/एटीपी/का0आ0 दिनांक 14.12.2023

कार्यालय आदेश

यूपीसीडा के योजना बनाने एवं अन्तिमीकरण विनियमन, 2004 के अनुच्छेद 3.3.2 के अन्तर्गत संविलियत/उप विभाजित किये जाने वाले भूखण्डों हेतु आवंटी के प्रस्ताव को दो समाचार पत्रों एक अंग्रेजी एवं एक हिन्दी समाचार पत्र, जो widely circulated हो, में क्षेत्रीय/परियोजना कार्यालय द्वारा आपत्ति/सुझाव प्राप्त करने हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित करायी जायेगी, विज्ञापन के प्रकाशन पर होने व्यय की प्रतिपूर्ति आवंटी से की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन की सूचना प्रभारी–कम्प्यूटर, मुख्यालय को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु उपलब्ध कराया जाना होगा।

आपत्ति/सुझाव निर्धारित अवधि में प्राप्त न होने की दशा में संविलियत/उप विभाजित भूखण्डों की सैद्धान्तिक स्वीकृति को अन्तिम रूप प्रदान करते हुए क्षेत्रीय/परियोजना कार्यालय द्वारा स्वीकृति पत्र जारी किया जायेगा तथा मुख्यालय को सूचित करेगें। निर्धारित अवधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त होने की दशा में उनको संकलित करते हुए व समाचार पत्रों की प्रति एटीपी अनुभाग, मुख्यालय को निर्धारित प्रकियानुसार प्रेषित की जायेगी।

एटीपी अनुभाग, मुख्यालय द्वारा स्वीकृत संविलियन/उप विभाजन को सम्बन्धित औद्योगिक क्षेत्र के तलपट मानचित्र में समायोजित किया जाना सुनिश्चित करेगें।

(मयूर माहेश्वरी)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

संदर्भ संख्या 1643–1649/यथोक्त। दिनांक 14.12.2023

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ए/पी/एस), उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, मुख्यालय, कानपुर।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0, मुख्यालय, कानपुर।
3. वरिष्ठ प्रबन्धक/प्रबन्धक (वास्तु0/नियो0) को उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु।
4. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक/परियोजना अधिकारी, उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0..............................
5. समस्त वरिष्ठ प्रबन्धक(सिविल), उ0प्र0रा0औ0वि0प्रा0.............................. ।
6. प्रभारी (कम्प्यूटर), मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित कि आदेश को वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
7. श्री हर्ष मिस्त्री/सुश्री दीर्घा, सलाहकार, मेसर्स डिलॉइट टुश तोहमात्सू इण्डिया को इस आशय से प्रेषित कि साफ्टवेयर में उपरोक्तानुसार प्रावधान समाहित कराने हेतु।

(मयूर माहेश्वरी)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

o/c